दैनिक भास्कर

कोरबा 12-02-2023

नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर युवाओं को किया जागरूक

साइबर क्राइम की दी जानकारियां, केएन कॉलेज में क्विकहील फाउंडेशन और सेवा भारती की पहल

भास्कर न्यूज़ | कोरबा

नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाली टीम के साथ कॉलेज परिवार।

आज के दौर में हर हाथ स्मार्टफोन से लैस है। घर-घर लेपटॉप-कंप्यूटर व टैब का चलन देखा जा रहा। ऐसे में जरा सी लापरवाही साइबर के जाल में फंसकर नुकसान का कारण बन सकती है। इन्हीं बातों पर फोकस करते हुए क्विकहील फाउंडेशन के सहयोग से सेवा भारती ने नुक्कड़ नाटक के जरिए युवाओं को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर युवाओं को इन तकनीकों के उपयोग के दौरान सचेत रहने व साइबर ठगी से बचने की विधियां बताई गई।

सेवा भारती कोरबा व क्विक हील फाउंडेशन पुणे के संयुक्त तत्वावधान में साइबर जागरूकता पर यह कार्यक्रम केएन कॉलेज में आयोजित किया गया था। सेवा भारती छत्तीसगढ़ के प्रांतीय सहसचिव अभिषेक शर्मा, सेवा भारती कोरबा के सहसचिव उमेश सोनी ने भी छात्रों सहित कॉलेज परिवार को संबोधित किया। कोरबा पुलिस के सहयोग से साइबर शिक्षा से साइबर सुरक्षा विषय पर छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों व सहायक प्राध्यापकों को अलर्ट करने सेवा भारती के कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

ठगों से बचने सतर्कता जरूरी: डॉ. बोपापुरकर

केएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन, वरिष्ठ प्राध्यापक अजय मिश्रा के नेतृत्व में एनसीसी व एनएसएस प्रभारियों व छात्र छात्राओं के सहयोग से कार्यक्रम किया गया। प्राचार्य डॉ. बोपापुरकर ने कहा कि इंटरनेट माध्यमों के सही इस्तेमाल के साथ दुरुपयोग से बचने हमें साइबर दुनिया के प्रति सचेत व सजग बनने की जरूरत है, तभी हम अत्याधुनिक सूचना तकनीक का उचित प्रयोग करते हुए विज्ञान की इस सौगात को वरदान बना सकते हैं।